Helpline 1064

94135-02834

# कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

- **जिला पाली में कार्यालय उप कोषाधिकारी, रानी का वरिष्ठ सहायक चार हजार रूपये रिश्वत लेते रंगे हाथों एवं सह आरोपी दिनेश कुमार बावल उपकोषधिकारी रानी गिरफ्तार।**

जयपुर, 08 अप्रेल मंगलवार। एसीबी मुख्यालय के निर्देश पर ए.सी.बी. चौकी पाली–प्रथम द्वारा आज देर रात कार्यवाही करतें हुए कार्यालय उप कोषाधिकारी, रानी का वरिष्ठ सहायक चार हजार रूपये रिश्वत लेते रंगे हाथों एवं सह आरोपी दिनेश कुमार बावल उपकोषाधिकारी उपकोष रानी को गिरफ्तार किया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के **महानिदेशक पुलिस श्री डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा** ने बताया कि ए.सी.बी. चौकी पाली–प्रथम को एक शिकायत इस आशय की मिली की श्री भुण्डाराम वरिष्ठ सहायक द्वारा परिवादी के माताजी के नाम फैमेली पेन्शन प्रकरण तैयार कर पेन्शन जमा करवाने की एवज में **6,000/– रूपये** रिश्वत राशि की मांग की जाकर परिवादी को परेशान किया जा रहा है।

जिस पर एसीबी रेंज जोधपुर के **उप महानिरीक्षक पुलिस श्री हरेन्द्र महावर** के सुपरविजन में ए.सी.बी. चौकी पाली–प्रथम के **अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री धमेन्द्र डुकिया** मय टीम के ट्रैप कार्यवाही करते हुए आरोपी श्री भुण्डाराम वरिष्ठ सहायक उपकोष कार्यालय रानी जिला पाली को परिवादी से चार हजार रूपये रिश्वत राशि लेते हुए रंगे हाथों एवं सह आरोपी श्री दिनेश बावल उपकोषाधिकारी उप कोष कार्यालय रानी को गिरफ्तार किया गया।

एसीबी की **अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस श्रीमति स्मिता श्रीवास्तव** के सुपरविजन में आरोपी से पूछताछ तथा कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।